भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

Azadi Ka Amrit Mahotsav

G20 भारत 2023 INDIA

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 13.07.2023

आरेडिका के इको–कम जॉगर्स पार्क में किया गया वृक्षारोपण।

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में दिनांक 13.07.2023 को पर्यावरण संरक्षण एवं कार्वन उत्सर्जन को कम करने के लिए कॉलोनी परिसर में महाप्रबंधक श्री पी के मिश्रा ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ जामुन, करेंज, अर्जुन, सागौन के 2000 वृक्षों का रोपण आरम्भ किया।

यह वृक्षारोपण कार्यक्रम सीएओ श्री एसके कटियार के मार्गदर्शन में किया गया। वृक्षारोपण के लिए पौधों की उपलब्धता एनजीओ के द्वारा सुनिश्चित की गयी। श्री कटियार ने बताया कि महाप्रबंधक महोदय ने ईको पार्क में 20000 पौधे लगाने का लक्ष्य दिया था जिसके प्रथम फेज में प्रोजेक्ट, सिविल कॉस्ट्रक्शन तथा स्पोर्ट विभाग के कर्मचारियों द्वारा स्वंय श्रमदान कर पौधे लगाए।

इसी कड़ी में आगे महाप्रबंधक महोदय ने यूनियन प्रतिनिधियों के साथ टाइप–3 कालौनी के पार्क में वृक्षारोपण किया तथा कॉलोनी के निवासियों से वार्तालाप कर उनको मिल रही सुविधाओं एवं अतिरिक्त सुविधाओं की आवश्यकताओं के बारे में समझा एवं उपस्थिति संबंधित विभाग के अधिकारियों से समाधान के लिए निर्देशित किया।

इस अवसर पर आरेडिका के पीसीएमई श्री शमशेर सिंह कलसी, पीसीएमएम श्री एन डी राव, पीसीईई श्री हरीश चन्द्र, पीसीपीओं श्री अमर नाथ दुवे, पीसीएमओ श्री एम के शकरवाल, सीई श्री सत्य प्रकाश यादव, पीसीएससी श्री रमेश चन्द्र सहित प्रमुख विभागाध्यक्ष एवं उच्च अधिकारीगण तथा कर्मचारियों ने वृक्षारोपण में सहभागिता की।

13.7.2023
(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी